MJC-4

DATE 18 02 2026

Globalization: Impact

(5) परिवहन एवं संचार क्षेत्र मे प्रगति :-
वैश्वीकरण और उदारीकरण के प्रभाव से वर्तमान में परिवहन एवं संचार का क्षेत्र लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में देश में रेलवे स्टेशनों की संख्या 7349 है तथा रेलमार्ग की कुल लम्बाई 1,35,207 कि०मी० है। वही भारत में सड़कों की कुल लम्बाई 66.17 लाख कि०मी० है। तथा राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई 1,46 204 कि०मी० है। वर्तमान में भारत का 90% व्यापार समुद्री मार्ग से होता है तथा संचार के क्षेत्र में भारतीय डाक नेटवर्क विश्व का सबसे बड़ा नेटवर्क है। इस समय भारत में कुल 1,55000 डाकघर है। दूर संचार के क्षेत्र में आज भारत में 37,565 टेलीफोन एक्सचेंज है। तथा भारत में कुल टेलिफोन कनेक्शन की संख्या लगभग 120 करोड़ है।

(6) निर्धनता अनुपात मे गिरावट :-
वैश्वीकरण एवं उदारीकरण के फलस्वरूप राष्ट्रीय एवं प्रति व्यक्ति आय में सुधार हुआ है। उद्योग-धन्धों के साथ-साथ कृषि उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। फलस्वरूप देश में निर्धनता के अनुपात में भी-धीरे-धीरे गिरावट आयी है। शिक्षित एवं अशिक्षित बेरोजगारों का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण कर उन्हे अधिसूचित रिक्तियों की जानकारी प्रदान कर बेरोजगारी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में भारत में (2021-22) 1000 रोजगार कार्यालय / कैरियर केन्द्र सक्रिय है जो राष्ट्रीय करियर सेवा (NCS) पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से भी जुड़े है।

classmate PAGE